आम बजट को भाजपा ने सराहा तो कांग्रेस ने आमजन विरोधी बताया

- 12 लाख तक टैक्स में छूट देकर मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई जिससे आमजन के साथ हर वर्ग को लाभ मिलेगा
- डॉ. कल्ला ने कहा कि आम बजट में महंगाई व बेरोजगारी को कम करने के कोई ठोस उपाय नहीं बताये गए

बीकानेर, (कासं)। लोक सभा में वितमंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश आम बजट को भाजपा ने सराहा तो कांग्रेस ने आमजन विरोधी बताया।

बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को पेश किए गए आम बजट में देश के प्रत्येक वर्ग के हित का ध्यान रखा गया है। यह बजट आम भारतीय के जीवन में खुशियां लाने वाला बजट है। आयकर छूट का दायरा 12 लाख रूपए तक बढ़ाकर केन्द्र सरकार ने मध्यम वर्ग का विशेष ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि बजट में युवा, महिला, वृद्ध, किसान सहित प्रत्येक वर्ग के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं। यह बजट देश को वर्ष 2047 तक विकसित देश की श्रेणी में खड़ा करने की नींव रखेगा। उन्होंने कहा कि बजट में ढांचागत सुदृढ़ीकरण के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं के विकास को भी प्राथमिकता दी गई है।

विधायक सिद्धि कुमारी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह आम आदमी, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने भाषण में किसान और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने पर जोर दिया। टैक्स स्लेब की घोषणाएं शानदार गरीब और माध्यम वर्ग को महंगाई से राहत मिलेगी जो स्वागत योग्य है। सिद्धि कुमारी ने लोक कल्याणकारी विकासोन्मुख तथा सर्वसमावेशी बजट के लिए प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार एवं वित्त मंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया।

बीकानेर भारतीय जनता पार्टी शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहां आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट विकसित भारत की परिकल्पना, अंत्योदय के प्रति दृढ़ संकल्प एवं नए भारत को वैश्विक विकास का अग्रदूत बनाने का रोडमैप तैयार करने वाला मोदी की गारंटी का बजट पेश किया। 12 लाख तक टैक्स में छूट देकर मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई जिससे आमजन के साथ हर वर्ग को लाभ मिलेगा। कर राहत से मध्यम वर्ग और वेतनभोगी कर्मचारियों को लाभ होगा। इस बजट में युवाओं, किसानों, महिलाओं और आम आदमी पर फोकस किया गया है। ये मोदी की गारंटी का बजट है। भाजपा जिला महामंत्री मोहन सुराणा, श्यामसुंदर चौधरी, नरेश नायक, उपाध्यक्ष हनुमान सिंह चावड़ा, आनंद सिंह भाटी, मंत्री मनीष सोनी, सांगीलाल गहलोत, महेश व्यास, कुणाल कोचर, पंकज अग्रवाल ने भी बजट की सराहना की।

शनिवार को संसद में प्रस्तुत केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजस्थान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य ने बजट को ऊर्जावान भारत के विकास को और अधिक गति प्रदान करने वाला संपूर्ण दस्तावेज बताया है। आचार्य ने कहा कि बजट में 12 लाख तक की आय को टैक्स मुक्त कर समस्त करदाताओं को अभूतपूर्व राहत दी गई है। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए टैक्स छूट को डबल और 4 साल तक अपडेटेड आईटीआर भरने की छूट, 36 जीवन रक्षक दवाओं को टैक्स फ्री करने, 200 डे-केयर कैंसर सेंटर खोलने, किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 5 लाख करने, कपास और दालों में आत्मनिर्भरता हेतु विशेष मिशन, युवाओं के लिए स्टार्टअप फंड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्सीलेंस सेंटर, मेडिकल और आईआईटी की सीटों में वृद्धि, ज्ञान मिशन आदि प्रावधानों की घोषणा स्वागत योग्य है।

पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ बी.डी. कल्ला ने आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बजट को किसान गरीब व मजदूर विरोधी बताया है। उन्होंने कर्मचारियों के लिए दी गई छूट को मात्र दिखावा बताया है। आम बजट से देश में पूंजी निर्माण को झटका लगा है। डॉ. कल्ला ने कहा कि आम बजट में महंगाई व बेरोजगारी को कम करने के कोई ठोस उपाय नहीं बताये गए हैं

हाजी मकसूद अहमद पूर्व महापौर पीसीसी सदस्य ने केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा आम बजट गरीबों को खपाने और पूंजीपतियों को खजाना देश में पिछले 11 वर्ष से यही हो रहा है। यह बजट निराशाजनक बजट है। आम आदमी मजदूर किसान बेरोजगार मीडियम दर्जे के लिए भी निराशाजनक है। इस बजट में हमारे राजस्थान का नाम भी नहीं है देना तो दूर की बात है। 11 वर्षों में राजस्थान के साथ भेदभाव हुआ है। देश गरीबी महंगाई और बेरोजगारी से बुरी तरह त्रस्त है। मध्यम वर्ग अपने आपको लुटा हुआ महसूस कर रहा है। किसानों के लिए एम.एस.पी. की घोषणा नहीं हुई।

आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने आज फिर देश को बरगलाने का कार्य किया है। लोकप्रिय दिखने के लिए आयकर में 75 हजार की विशेष छूट, नौकरी पेशा लोगों के लिए लेकिन नौकरी कब देंगे कितनी देंगे उसका कही कोई जिक्र ही नहीं है। राजस्थान में भाजपा सरकार होने और बीकानेर से लगातार चौथी बार सांसद केन्द्रीय मंत्री होने के बावजूद इस बार फिर ठगा गया बीकानेर की बात ही बेमानी है। जब राजस्थान को ही विशेष कुछ नहीं मिला। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि भाजपा बजट पेश करने में माहिर हो गई है। ध्यान भटका कर देश से यह छुपा लिया गया कि देश की इकोनॉमी कैसे बढ़ेगी, नौकरियां कैसे देंगे, व्यापार कब सुदृढ़ होगा और स्वास्थ शिक्षा पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं सरकार कैसे देगी। यह बजट आंखों में मिर्ची झोंकने के अलावा कुछ नहीं है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव जिया उर रहमान आरिफ ने केन्द्र सरकार द्वारा बजट 2025 को पॉलिटिकल स्वार्थ वाला बताया। इस बजट को बिहार, असम जैसे राज्य जहां विधानसभा चुनाव नजदीक है, उन्हें ध्यान रखते हुए बनाया गया है। वहीं राजस्थान सहित देश के दूसरे राज्यों को नजरअंदाज किया गया है। आरिफ ने कहा कि इस बजट में महंगाई को कम करने के लिए पेट्रोल,डीजल व रसोई गैस की कीमतें कम करने की घोषणा होनी चाहिए थी। रोज़मर्रा काम आने वाली चीजों के दाम आसमान पर है। इनकी कीमतें कम करने को लेकर बजट में कोई प्रावधान नहीं है। देश में बेरोजगारी बढ़ रही हैं। विभिन्न राज्यों में युवा नौकरियों के लिए आंदोलन कर रहे हैं लेकिन सरकार ने इस बजट में युवाओं को निराश किया है।

युवा सीए विकास तापड़िया ने कहा है कि इस बजट में सरकार ने समानांतर अर्थव्यवस्था को खत्म करने, काले धन को मुख्यधारा में लाने और देश के आर्थिक ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए कई कड़े और दूरगामी फैसले लिए हैं।

नशा तस्करी मामले में 20 साल की सजा

श्रीगंगानगर, (कासं)। एनडीपीएस एक्ट में प्रतिबंधित घटक की 1,200 गोलियों की तस्करी का दोषी पाए जाने पर युवक को 20 साल कठोर कारावास की सजा से दंडित किया गया है।

यह फैसला एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश अजयकुमार भोजक ने सुनाया। दोषी पर दो लाख रूपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। अगर दोषी ने जुर्माने की यह रकम कोर्ट में जमा नहीं करवाई तो उसे दो साल की जेल ज्यादा भुगतनी होगी। इस मामले में नशे की गोलियों को बेचने और सप्लाई करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए दो व्यक्तियों को संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त किया गया है।

न्यायालय के विशिष्ट लोक अभियोजक विजेंद्र घिंटाला ने बताया कि रायसिंहनगर तहसील के गांव 73 एनपी व कार्रवाई के दौरान भांभू कॉलोनी में लालचंद के मकान में किराये पर रह रहे 22 साल के युवक पृथ्वीराज नायक पुत्र रूपाराम को सजा सुनाई गई है। उसे 2 सितम्बर 2021 को डीएसटी प्रभारी कश्यपसिंह ने टीम सदस्य हैड कांस्टेबल कृष्ण कुलडिया, जयविंद्र सिंह, कांस्टेबल अजय प्रताप सिंह ने ट्रक यूनियन पुलिया के पास से मोटरसाइकिल नंबर आरजे 13 एसक्यू 2639 पर पकड़ा था। उसके पास से एल्प्रालोजाम 0.50 मिलीग्राम मात्रा की 1,200 गोलियां बरामद की गई थी। ये साल्ट एनडीपीएस एक्ट में शामिल है और बिना डॉक्टर की पर्ची के अपने पास रखना प्रतिबंधित है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था।

सार-समाचार

दूध के सभी 15 सैम्पल फैल

सरस बूथ संख्या-1239 पर आयोजित दूध जांच शिविर में उपभोक्ताओं ने दूध की जांच कराई।

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन लि. (आरसीडीएफ) जयपुर के निर्देशानुसार उरमूल डेयरी बीकानेर के विपणन व गुण नियंत्रण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'दूध का दूध और पानी का पानी-शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान में आम उपभोक्ताओं के घर आने वाले खुले दूध की मशीनों और जांच किट स्ट्रिप्स के माध्यम से शुद्धता की जांच कर मौके पर ही रिपोर्ट बता कर आमजन को नकली व मिलावटी दूध से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति स्थानीय उरमूल डेयरी द्वारा जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 17 फरवरी तक चलेगा। रविवार को छोड़कर सोमवार से शनिवार तक प्रतिदिन निर्धारित समय व स्थान पर जांच शिविर आयोजित किया जाता है। उरमूल डेयरी के एमडी बाबूलाल बिश्नोई ने बताया कि बीकानेर में अब तक कुल 400 दूध के सैम्पल आए जिनमें से केवल 60 सैम्पल पास हुए। शेष सभी सैम्पल फैल पाये गए। आज का दूध जांच शिविर गांधी चौक, गंगाशहर स्थित सरस बूथ संख्या-1239 पर आयोजित किया गया। अभियान प्रभारी शुभम गुलाटी ने बताया कि कुल 15 सैम्पल आये जिसमें से 15 ही सैम्पल फैल और एक भी सैम्पल पास नहीं हुआ। दो-दो सैम्पल ऐसे भी पाये गए जिनमें स्टार्च और सुक्रोज की मिलावट पाई गई। बूथ संचालक शिव जोशी ने भी जांच शिविर में सहयोग किया। उरमूल डेयरी की ओर से दूध जांच करवाने वाले उपभोक्ताओं को उरमूल डेयरी की ओर से फ्री गिफ्ट हैम्पर दिया जाता है। अगला शिविर सोमवार को करनाणी स्कूल के सामने, गंगाशहर स्थित बूथ संख्या-433 पर लगेगा। आज के अभियान पर स्थानीय उपभोक्ताओं अरिहंत दुगड़, शारदा देवी, राजश्री, कमल जैन, राजेन्द्र बोथरा, गंगासिंह आदि ने उरमूल डेयरी के इस जनजागरूकता कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रशासन को भी मिलावट खोरों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करना चाहिए।

बसंत पंचमी का महोत्सव मनाया

बीकानेर में शीतला गेट स्थित शांति विद्या निकेतन स्कूल में मां सरस्वती का पूजन कर बसंत पंचमी मनाई।

बीकानेर, (कासं)। शीतला गेट स्थित शांति विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय की करूणा क्लब इकाई द्वारा शनिवार को बसंत पंचमी का महोत्सव शाला में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शाला सचिव रमेश कुमार मोदी ने विद्यार्थियों को विभिन्न कहानियों के माध्यम से बताया कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति करने के निरंतर अग्रसर होना चाहिए और बसंत ऋतु के बारे में जानकारी भी विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई गई। शाला प्रधान हनुमान छींपा ने माता सरस्वती के जन्मदिवस के उपलक्ष में ज्ञान की देवी के बारे में विस्तृत विवरण विद्यार्थियों के मध्य साझा किया। कार्यक्रम में शाला के करूणा क्लब प्रभारी सौरभ बजाज ने विद्यार्थियों को बताया कि हमें ब्रह्म मूहर्त में बसंत पंचमी मां सरस्वती के दर्शन इत्यादि कर उनका पूजन कर अपने लक्ष्य को निरंतर हासिल करना चाहिए। शाला की अध्यापिका नीतू ने बताया कि हमें योग आदि कर विद्यार्थियों के जीवन को ओर सुगम बनाना चाहिए। बसंत पंचमी के शुभ अवसर विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती का सर्वोत्तम चित्रण किए गए जिसमें लगभग 40 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता की। जिसमें शाला के प्रतीक टाक, प्रद्युमन दैय्या, खेमचंद टाक, कल्पित कुमार दैय्या, विवेक सोलंकी, तरूण बडगूजर, आदित्य टाक आदि ने अपने चित्रण द्वारा सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन शाला के करूणा क्लब प्रभारी सौरभ बजाज ने किया। कार्यक्रम में सीमा पुरोहित, कमला जोशी, गायत्री राठौर, सीमा पूरी, अनीता आचार्य, चंद्रा सोलंकी, उमा सोलंकी, लोकेश सोलंकी, अंकुश गहलोत, राजीनकांत त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

महिला से छेड़छाड़ व मारपीट

श्रीगंगानगर, (कासं)। देर शाम को पति के साथ दुकान से वापस लौट रही महिला से छेड़छाड़ की गई। विरोध किया तो आरोपी पीड़िता के घर ही घुस गए और मारपीट कर डाली। जाते हुए पीड़िता के कानों के झुमके भी छीनकर ले गए। यह वारदात रात करीब साढ़े आठ बजे भांभू कॉलेज से गुरूनानक चौक रोड पर हुई। पीड़िता की ओर से दिए परिवाद पर कोतवाली में अज्ञात तीन युवकों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। हैड कांस्टेबल दर्शन सिंह को जांच सौंपी गई है। पुलिस को रिपोर्ट देते हुए 30 वर्षीय विवाहिता ने बताया कि बाइक सवार तीन युवकों में से एक ने जान बूझकर उसे पैदल जाते हुए को कंधा मारा। पीड़िता रात करीब साढ़े आठ बजे अपने पति के साथ दुकान पर दूध लेकर वापस लौट रही थी। पीड़िता ने आरोपियों को आवाज देकर उलाहना दिया। इस पर आरोपी रूक गए और बहस करने लग गए। पीड़िता अपने पति के साथ वहां से घर लौट गई।

बसंत पंचमी आज, शिव, सिद्ध, साध्य व रवि योग

- इस दिन विद्यार्थी मां सरस्वती को केसर या पीले चंदन का टीका लगाएं और पीले रंग के वस्त्र जरूर अर्पित करें

श्रीगंगानगर, (कासं)। बसंत पंचमी पर ज्ञान, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की जायेगी। देवी को उनकी प्रिय चीजों का भोग लगाया जायेगा।

पंचांग के अनुसार माह शुक्ल पंचमी तिथि की शुरूआत 2 फरवरी को सुबह 9:14 बजे होगी। इस तिथि का समापन 3 फरवरी को सुबह 6:52 बजे होगा। सनातन धर्म में उदया तिथि का विशेष महत्व है। ऐसे में देशभर में बसंत पंचमी का त्योहार 02 फरवरी को मनाया जायेगा। पंचांग के अनुसार, माघ माह के शुक्ल पंचमी तिथि पर शनि देव सुबह 8:51 बजे पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र में गोचर करेंगे। इस दिन शिव योग, सिद्ध योग साध्य योग और रवि योग बन रहे हैं।

श्रीगंगानगर, ज्योतिष-शास्त्र के अनुसार कई बार घर में वास्तु-दोष होने के कारण विद्यार्थी को शिक्षा में उचित परिणाम नहीं मिलते हैं। ऐसे में उन्हें बसंत पंचमी के दिन से ही पूर्व, उत्तर या पूर्वोत्तर दिशा में पढ़ाई करना चाहिए। इस दिशा को ध्यान एवं शांति का केन्द्र भी माना जाता है। इस दिशा में पढ़ाई करने से विद्यार्थी का मन एवं मस्तिष्क एकाग्रचित रहता है। दांपत्य जीवन में प्यार बरकरार रखना चाहते हैं तो बसंत पंचमी के दिन भगवति रति और कामदेव की पूजा करते हुए उन्हें पुष्प अर्पित करने चाहिए।

जिन छात्रों को पढ़ाई में कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है या वह एकाग्रता से नहीं पढ़ पा रहे हैं, उन्हें बसंत पंचमी के दिन 'ॐ ऐं सरस्वत्यै ऐं नमः' मंत्र का जाप अवश्य करना चाहिए। इस बात का ध्यान रखें कि मंत्र का जाप स्वच्छ आसन पर बैठकर और पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके ही किया जाए। इस दिन विद्यार्थी माता सरस्वती को केसर या पीले चंदन का टीका लगाएं और पीले रंग के वस्त्र जरूर अर्पित करें। साथ ही पूजा स्थल पर किताब और कलम अवश्य रखें। ऐसा करने से मां सरस्वती की कृपा सदैव बनी रहती है और विद्यार्थी को ज्ञान, बुद्धि एवं विवेक का आशीर्वाद मिलता है। बसंत पंचमी के दिन छोटे बच्चे का हाथ पकड़कर काले रंग की स्लेट पर कुछ न कुछ जरूर लिखवाना चाहिए। दरअसल इस क्रिया को 'अक्षराम्भ' कहते हैं।

पेयजल लाइन के लिए सड़कें खोदी

श्रीगंगानगर, (कासं)। आरयूआईडीपी की देखरेख में एलएंडटी ने शहरभर में पेयजल की नई पाइपलाइन तो बिछा दी लेकिन इनका आपस में मिलान करना भूल गई।

यही कारण है कि अब अपनी गलती सुधारने के लिए पीडब्लयूडी व यूआईटी की ओर से कुछ ही समय पहले बनाई गई सड़कों को आरयूआईडीपी द्वारा एलएंडटी के जरिए तोड़ा जा रहा है। एलएंडटी ने शहर में छह जगह अच्छी-भली सड़कों पर गहरे गड्ढे खोद दिए। इससे शहरवासियों की परेशानी बढ़ गई है। इनमें से वार्ड 50 में गगनपथ पर आरयूआईडीपी कार्यालय से कुछ मीटर दूर अरोड़वंश स्कूल के पास लीकेज का पता लगाने के लिए दो दिन में एक जगह पर सड़क को तीन बार खोदा गया है। इसी प्रकार मीरा मार्ग पर पूर्व सभापति जगदीश राय जांदू के घर के सामने व साथ वाली गली में चार जगह से नई डामर सड़क को तोड़ दिया गया है।

'बजट में एम.एस.पी. को किया नजरअंदाज'

- पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड ने कहा कि एमएसपी, ऋण माफी व मनरेगा को नजरअंदाज किया गया

सादुलशहर, (कासं)। केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं सादुलशहर के पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ ने कहा कि केन्द्रीय बजट में आम आदमी के लिए कुछ भी नहीं है, यह बजट अत्यंत निराशाजनक है। राजस्थान के साथ-साथ पूरे देश की जनता को हताश करने वाले बजट में हर वर्ग की उपेक्षा की गई है। आगामी चुनाव वाले राज्य बिहार पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

जांगिड ने कहा कि किसानों को फिर ठगा गया। एमएसपी, ऋण माफी व मनरेगा को नजरअंदाज किया गया है। पुरानी पेंशन (ओपीएस) को लेकर निराशाजनक रवैया बरकरार है। यह बात केन्द्रीय बजट में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं सादुलशहर के पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ ने कही।

उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, शहरी एवं ग्रामीण विकास, समाज कल्याण आदि का बजट गत बजट की तुलना में कम किया जा रहा है। देश गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी से बुरी तरह त्रस्त है। महंगाई और रोजगार की दिशा में कोई घोषणा नहीं हुई। पूर्व विधायक जांगिड़ ने कहा कि हर बार की तरह राजस्थान के साथ भेदभाव हुआ। ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना बनाने की घोषणा नहीं की। यमुना जल समझौते को लेकर भी कोई घोषणा नहीं हुई।

ट्रैक्टर के नीचे आने से युवक की मौत

बीकानेर, (कासं)। जिले के नापासर में एक युवक की ट्रैक्टर के नीचे आने से मौत हो गई। पुलिस ने एक्सीडेंट के इस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना नापासर के गांव में हुई।

नापासर पुलिस के अनुसार दानाराम लुहार खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान वो किसी कारण से ट्रैक्टर के पीछे आ गया, जहां ट्रैक्टर के चलने से उसके नीचे आ गया। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे श्रीडूंगरगढ़ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके सिर सहित शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोट आई थी। हादसे की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग ही खेत में पहुंचे और घायल दानाराम को अस्पताल लेकर गए लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया। थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बाद में परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। घटना के बारे में विस्तार से रिपोर्ट ली जा रही है। जिसके आधार पर मर्ग की छानबीन की जायेगी।

बुजुर्ग की मौत : श्रीगंगानगर जिला अस्पताल के सामने एटीएम में रह रहे एक बुजुर्ग की मौत हो गई। शव को पहचान के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। सदर थाने में मर्ग दर्ज करवाई गई है। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी हैड कांस्टेबल झाबरमल ने बताया कि मृतक करीब 5-6 माह से जिला अस्पताल के बाहर एटीएम में ही रहता था और वहीं पर सोता था।

आवारा कुत्तों का हिरण पर हमला

नोखा, (कासं)। साधूणा गांव में आवारा कुत्तों ने हिरण पर हमला कर दिया। गांव के तीन लोगों आशाराम, रेवंत राम और अशोक सारण की सूझबूझ से हिरण की जान बच गई।

घटना की जानकारी मिलते ही वन्य जीव प्रेमी बजरंग चिताणा मौके पर पहुंचे और घायल हिरण का प्राथमिक उपचार कराया। इसके बाद हिरण को सुरक्षित वन विभाग की नोखा टीम को सौंप दिया गया। क्षेत्र में आवारा कुत्तों द्वारा वन्य जीवों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे हिरणों की आबादी पर खतरा मंडरा रहा है। इस स्थिति से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन आवारा कुत्तों की समस्या का जल्द समाधान करें ताकि वन्य जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

ढाई लाख रूपये की चोरी में पति-पत्नी गिरफ्तार

- सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पर चोरी का आरोप

बीकानेर, (कासं)। यहां एक पेट्रोल पंप पर चोरी के मामले में पुलिस ने तीसरी गिरफ्तारी की है। अब तक दो युवकों को गिरफ्तार किया गया था लेकिन अब तीसरी गिरफ्तारी एक महिला की हुई है, जिसके सोशल मीडिया पर लाखों की संख्या में फॉलोअर है।

पुलिस की जांच में चोरी के रूपए का उपयोग करने में इसी महिला की भूमिका रही है। घटना बीकानेर के नयाशहर थाना इलाके की है। नयाशहर थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी ने बताया कि कुछ महीने पहले पंडित धर्मकांटा के पास स्थित पेट्रोल पंप से अज्ञात व्यक्ति ढाई लाख रूपए चोरी करके ले गया। ये घटना एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसी आधार पर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया और बाद में दूसरे युवक को पकड़ा। जांच अभी चल ही रही थी कि गिरफ्तार युवकों में एक की पत्नी भी चोरी में लिप्त पाई गई।

सात अगस्त 2024 को हुई इस चोरी में तीनों शामिल थे। दरअसल ये लोग अनाज मंडी के सामने स्थित एक होटल में रूके हुए थे। कुछ दिन तक रैकी करने के बाद बज्जू के रहने वाले राहुल बिश्नोई (22) ने काउंटर को खाली देखकर वहां से ढाई लाख रूपए चोरी कर लिए। राहुल ने अपना चेहरा ढक रखा था लेकिन इसके बाद भी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। राहुल से पूछताछ के आधार पर अनिल बिश्नोई (26) निवासी रावला को गिरफ्तार किया गया।

इन दोनों से पूछताछ के बाद पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली। इस घटना में एक महिला भी शामिल है। ये महिला अनिल बिश्नोई की पत्नी निशा बिश्नोई थी। निशा सोशल मीडिया पर काफी फेमस है। उसके इंस्टाग्राम के अकाउंट 'निशा बिश्नोई निशा' पर एक लाख दस हजार फॉलोअर है। यूट्यूब पर भी उसका अकाउंट है लेकिन वहां फॉलोअर ज्यादा नहीं है।

खेती में ड्रिप व फव्वारा सिंचाई व रेनगन के तरीकों को अपनाने की नसीहत दी

- 'सूक्ष्म सिंचाई की तकनीकें' विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कृषि संग्रहालय में शनिवार को 'सूक्ष्म सिंचाई की तकनीकें' विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बीकानेर जिले के विभिन्न गांवों के 32 किसानों ने भाग लिया।

सुनियोजित खेती विकास केन्द्र बीकानेर द्वारा आयोजित एवं राष्ट्रीय सुनियोजित कृषि और बागवानी समिति, नई दिल्ली द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त नियंत्रक पवन कुमार कस्वां थे। मुख्य अतिथि कस्वां ने किसानों को सलाह दी कि खेती में जल बचत हेतु ड्रिप सिंचाई, फव्वारा सिंचाई व रेनगन के तरीकों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि नहरबंदी के चलते तथा गिरते भूजल स्तर को ध्यान में रखते हुए खेती में जल का सुनियोजित उपयोग आज महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भू सदृश्यता एवं राजस्व सृजन निदेशक डॉ दाताराम ने कहा कि सूक्ष्म सिंचाई के तरीके अपनाकर ज्यादा क्षेत्र में काश्त करना संभव है। बूंद-बूंद सिंचाई के साथ घोलकर फर्टिलाइजर देकर 25 प्रतिशत तक फर्टिलाइजर की बचत की जा सकती है। विशिष्ट अतिथि स्वामी विवेकानन्द कृषि संग्रहालय के प्रभारी एवं पूर्व निदेशक कृषि प्रसार शिक्षा डॉ. सुभाष चंद्र ने कहा कि ऊंची-नीची जमीन में भी सूक्ष्म सिंचाई से समरूप में सिंचाई की जा सकती है।

प्रशिक्षण में उद्यान विभाग के कृषि अधिकारी मुकेश गहलोत, उद्यानविज्ञ डॉ. जे. के. तिवारी, ऑटोमेट इंडस्ट्रीज प्रा.लि. दिल्ली के इंजीनियर प्रेम कुमार ने ड्रिप सिंचाई की स्थापना, फव्वारा सिंचाई, सूक्ष्म सिंचाई, सरकारी अनुदान, बागवानी फसलों में ड्रिप सिंचाई, ड्रिप के स्व चालन तथा सूक्ष्म सिंचाई घटकों के बी.आई.एस. मानकों पर जानकारी दी।

राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर में आयोजित 'सूक्ष्म सिंचाई की तकनीकें' विषय पर कृषक प्रशिक्षण को मुख्य अतिथि वित्त नियंत्रक पवन कुमार कस्वां ने संबोधित किया।

प्रवर्तन निरीक्षक बिना अनूपगढ़ में खाद्य सुरक्षा योजना पर ब्रेक

- प्रवर्तन निरीक्षक का पद खाली होने से राशन कार्ड की जांच व सत्यापन का काम रूका

अनूपगढ़,(कासं)। प्रवर्तन निरीक्षक का पद रिक्त होने के कारण खाद्य सुरक्षा योजना के तहत होने वाले महत्वपूर्ण कार्य ठप हो गए हैं।

घड़साना की प्रवर्तन निरीक्षक तारामणि को अनूपगढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। लेकिन वे अभी तक श्रीगंगानगर से रिलीव नहीं हुई है। इसके चलते नए राशन कार्ड बनाने और पुराने कार्डों को नए कार्ड बनाने जैसे कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

उपखंड कार्यालय में रोजाना सैकड़ों आवेदन राशन कार्ड के लिए आ रहे हैं। हालांकि प्रशासन इन आवेदनों को स्वीकार कर रहा है, लेकिन प्रवर्तन निरीक्षक की अनुपस्थिति में उनकी जांच और सत्यापन संभव नहीं हो पा रहा है। उपखंड अधिकारी सुरेश राव ने तारामणि से फोन पर बात कर उन्हें जल्द कार्यभार संभालने के निर्देश दिए हैं, लेकिन जब तक वे कार्यभार नहीं संभालती, तब तक योजना से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं बाधित रहेंगी। स्थानीय प्रशासन ने प्रवर्तन निरीक्षक की अनुपस्थिति में ऑप्शनल व्यवस्थाएं की गई हैं। आवेदनों को स्वीकार किया जा रहा है, ताकि लोग निराश न लौटें। हालांकि जांच, सत्यापन और राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया रुकने से आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रवर्तन निरीक्षक का काम पात्र व्यक्तियों को राशन कार्ड जारी करना, अपात्र व्यक्तियों को सूची से हटाना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली की निगरानी करना है। इन कार्यों के ठप होने से योजना के लाभार्थी समय पर लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। ई-मित्र संचालकों और स्थानीय लोगों ने उपखंड प्रशासन से अनूपगढ़ में स्थायी प्रवर्तन निरीक्षक की नियुक्ति की मांग की है ताकि खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके।

नाम परिवर्तन

मैं हेमन्त सोनी पुत्र श्री किशनलाल सोनी जाति सोनी उम्र 45वर्ष निवासी5/120 गोल मार्केट, जयनारायण व्यास कॉलोनी, बीकानेर का हूँ। मेरे पुत्र अभिजीत सोनी के स्कूल फार्म(रिकार्ड) में मेरा नाम हेमन्त सोनी HAMENT दर्ज है। जो कि अशुद्ध दर्ज है। मेरा सही व वास्तविक नाम हेमन्त सोनी HEMANT SONI है जो कि आधार कार्ड में दर्ज है। अर्थात मैं अपना नाम सही करवाना चाहता हुं। भविष्य में मुझे हेमन्त सोनी HAMENT SONI के स्थान पर HEMANT SONI के नाम से जाना व पहचाना जावे।